काशीवासियों के अभिवादन के लिए कार से बाहर आए प्रधानमंत्री मोदी



वाराणसी, भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर वाराणसी में 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को वाराणसी में थे। इस दौरान काशी ने अपनी सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक अंदाज में प्रधानमंत्री और अपने सांसद का भव्य स्वागत किया। पुलिस लाइन हेलीपैड से नमो घाट तक करीब आठ किलोमीटर के मार्ग पर जगह-जगह उत्सव जैसा माहौल नजर आया। भाजपा कार्यकर्ताओं और काशीवासियों ने पुष्पवर्षा कर पीएम मोदी का अभिनंदन किया। काशीवासियों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री ने कार से बाहर निकलकर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरे मार्ग को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रास्ते में 12 पॉइंट बनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। कहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी, तो कहीं

नमो घाट तक दिखा उत्सवी माहौल

डमरू वादन, शंखनाद और पारंपरिक नृत्य के जरिए काशी की सांस्कृतिक छटा देखने को मिली। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग अपने सांसद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। काशीवासियों ने 'जय श्रीराम', 'हर-हर महादेव' और 'मोदी-मोदी' के नारों के साथ प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया। नमो घाट की ओर बढ़ते काफिले के साथ सड़क के किनारे खड़े लोग लगातार अपने मोबाइल कैमरों से प्रधानमंत्री की फोटो खींचते दिखाई दिए। पीएम को देखते ही उनका जोश दोगुना हो जाता था और वे उनके समर्थन में नारे लगाने लगते। एयर शो आयोजन के जोश के बीच प्रधानमंत्री के स्वागत का यह नजारा काशी की सांस्कृतिक परंपरा, जन-भागीदारी और उत्सवी माहौल की जीवंत तस्वीर दर्शाता नजर आया।

बिजली व्यवस्था के लगातार आधुनिकीकरण पर जोर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, आधुनिक और भरोसेमंद बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बिजली उपकेंद्रों के सुदृढ़ीकरण, केबल बिछाने और विद्युत बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का कार्य प्रगति पर है। इन कार्यों का उद्देश्य बिजली वितरण प्रणाली की क्षमता बढ़ाने के साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षित, सुचारु और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की टीमें प्रदेशभर में रात्रिकालीन मेंटेनेंस कार्यों को अंजाम दे रही हैं। बिजली लाइनों, उपकरणों और वितरण नेटवर्क के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाए रखा जा सके। रात के समय किए जा रहे अनुरक्षण कार्यों के माध्यम से विद्युत ढांचे को मजबूत करने और आपूर्ति व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस राजनीतिक हताशा, नैतिक व मानसिक दिवालियेपन का जीता जागता सबूत-पंकज चौधरी

दिवंगत पिता को निशाना बनाना भारतीय संस्कृति,मर्यादा और मानवीय संवेदनाओं का अपमान

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बिहार की राजधानी पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस का यह आचरण उसकी राजनीतिक हताशा और नैतिक व मानसिक दिवालियेपन का जीता जागता सबूत है।देश के प्रधानमंत्री के प्रति राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन उनके दिवंगत पिता को निशाना बनाना भारतीय संस्कृति, सामाजिक मर्यादा और मानवीय संवेदनाओं का अपमान है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत विद्वेष बार-बार सार्वजनिक रूप से दिखाई देता है। कभी उनकी पूज्य माताजी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है और अब उनके स्वर्गीय पिता को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की जाती है। यह केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार का अपमान नहीं, बल्कि भारतीय समाज की उन परंपराओं पर प्रहार है, जिनमें माता-पिता के सम्मान



और दिवंगत व्यक्तियों के प्रति आदर को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों, निर्णयों और कार्यशैली पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत घृणा में बदल देना किसी भी जिम्मेदार राजनीतिक दल को शोभा नहीं देता। आजकल नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भी भाषा देश के चुने हुए प्रधानमंत्री और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति भी अशोभनीय है। कांग्रेस को समझना चाहिए कि जनता राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अधिक नेतृत्व के आचरण, विचारों और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना जीवन राष्ट्रसेवा, गरीब कल्याण और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के लिए समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में देश आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे में व्यक्तिगत टिप्पणियों के माध्यम से राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कांग्रेस की हताशा को ही प्रदर्शित करता है। श्री चौधरी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी टिप्पणी के लिए देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन भाषा की मर्यादा, परिवार का सम्मान और मानवीय संवेदनाएं हर परिस्थिति में कायम रहनी चाहिए। कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि वह जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाना चाहती है या व्यक्तिगत आक्षेपों के सहारे अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखना चाहती है। देश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से हर राजनीतिक दल के आचरण का मूल्यांकन करती है।

किसानों के भूमि विवाद सुलझाने पर जोर, प्रदेश में चकबंदी के 3,192 गांवों की प्रक्रिया पूरी

लखनऊ, । योगी सरकार में उत्तर प्रदेश में चकबंदी व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया गया है। चकबंदी निदेशालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2025 तक चकबंदी प्रक्रिया पूरी करने वाले गांवों की संख्या में बड़े स्तर पर वृद्धि हुई है। साथ ही चकबंदी न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण और वादों के निस्तारण में भी प्रगति दर्ज की गई है। इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों की भूमि से जुड़े मामलों को व्यवस्थित करना और राजस्व अभिलेखों को समय से संबंधित तहसीलों तक पहुंचाना है।चकबंदी निदेशालय के मुताबिक वर्ष 2017 में प्रदेश के 1,925 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी हुई थी। वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 3,192 गांव हो गई। इन गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी कर अभिलेख संबंधित तहसीलों को वापस किए गए। इससे भूमि संबंधी अभिलेखों को व्यवस्थित करने और किसानों से जुड़े राजस्व कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिली है।चकबंदी न्यायालयों में वादों के निस्तारण के मामले में भी प्रगति हुई है। वर्ष 2017 में 12.55 लाख से अधिक वादों के निस्तारण की स्थिति थी, जबकि वर्ष 2025 तक यह संख्या बढ़कर 21.12 लाख से अधिक हो गई। निदेशालय के मुताबिक, विगत आठ वर्षों में कुल 21 लाख 12 हजार 784 वादों का निस्तारण किया गया। भूमि विवादों के समाधान की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इंडिया गठबंधन की ताकत से घबराकर बचपना कर रहे-आराधना मिश्रा



लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने 200 सीट, हक है हमारा का संदेश देती होर्डिंगों को बचकाना और साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग इंडिया गठबंधन की ताकत से घबराते हैं, वे ऐसे पोस्टरों के पीछे छुपकर बचपना कर रहे हैं। इससे गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गठबंधन तय था और तय है। उन्होंने कहा कि यह साथ (सपा-कांग्रेस)सत्ता के लिए नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र के लिए है। हमने साझा तौर पर लड़ने का संकल्प लिया है। यह संकल्प दृढ़ है। इसे साजिशों से नहीं तोड़ा जा सकता है। साजिश करने वालों की कोई भी साजिश काम नही आयेगी।

मुख्यमंत्री ने दी महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने 'रामायण' के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र को जन-जन तक पहुँचाया। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों और आदर्शों का अमूल्य ग्रंथ है। महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, करुणा और लोकमंगल के उन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देती है, जो भगवान श्रीराम के जीवन में दिखायी देते हैं। महर्षि वाल्मीकि का जीवन और कृतित्व भारतीय ज्ञान परम्परा की समृद्ध विरासत का परिचायक है। उन्होंने समाज को सदाचार, कर्तव्य और मानवीय मूल्यों का मार्ग दिखाया। उनकी रचनाएँ आज भी समाज को सत्य और धर्म के पथ पर आगे बढ़ने तथा मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने की प्रेरणा प्रदान करती हैं।

यह मोदी का भारत है—जल, थल और नभ, तीनों में देश की सुरक्षा और संप्रभुता में सक्षम -केशव प्रसाद

वाराणसी/लखनऊ,उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने



वाराणसी के नमो घाट पर भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना का यह शक्ति प्रदर्शन केवल देशवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए भारत की सामरिक शक्ति, अदम्य साहस, तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास का संदेश है।श्री मौर्य ने कहा कि यह मोदी का भारत है जल, थल और वायु, तीनों में देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना का यह भव्य आयोजन गौरव और गर्व का क्षण है।* ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, साहस और देश की रक्षा के लिए समर्पण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की रक्षा क्षमताओं को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहलों से रक्षा उत्पादन, स्वदेशी तकनीक और आधुनिक सैन्य उपकरणों के विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री , केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य सहित काशी की जनमानस उपस्थित रहे।

पहले दिन 70 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल, धरे गए 21 संदिग्ध, ट्रेन लेट होने से छूटी कईयों की परीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित पहले दिन की प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पीईटी) 2026 में रविवार को गाजियाबाद में रजनेश शर्मा के स्थान पर पवन कुमार शर्मा पकड़ा गया। यह बाहरी दूसरी पाली में परीक्षा देते हुए पकड़ा गया, जिसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही एआई आधारित उपस्थिति जांच के माध्यम से दोनों पालियों में क्रमश: पहली पाली में 14 व दूसरी पाली में 7 अभ्यर्थियों को संदिग्ध चिह्नित किया गया है। पुलिस प्रशासन व अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा इनकी पड़ताल की जा रही है। किसी तरह की गड़बड़ी पुष्ट होने पर इनके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश में समूह ग की भर्तियों के लिए अहर्यकारी पीईटी की रविवार से शुरुआत हुई। पहले दिन की परीक्षा में आवेदक 1180434 अभ्यर्थियों में से 821986 यानी 69.63त्न शामिल हुए।अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से परीक्षा को लेकर विभिन्न स्तर पर सख्ती की गई थी। इस साल से एआई आधारित फेस रिकग्निशन के साथ ही अभ्यर्थियों का आधार आधारित सत्यापन भी शुरू किया गया। इससे अभ्यर्थी की जगह किसी दूसरे की परीक्षा में बैठने की जांच की गई।

परीक्षा में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों की भी बायोमीट्रिक उपस्थिति ली गई।

इसके साथ ही खुफिया व पुलिस तंत्र की सक्रियता के साथ की सोशल मीडिया की भी निगरानी की गई। आयोग स्थित मुख्यालय में बने कमांड सेंटर से सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की गई।

गठबंधन के सभी रास्ते खुले-चन्द्रशेखर

लखनऊ। यूपी में असेम्बली इलेक्शन को लेकर राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन और चुनावी रणनीति पर चर्चा तेज हैम नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी कांशीराम के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने इंडिया अलायंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की संभावना पर अपनी बात रखी।उनका कहना है कि चुनाव में वोटों का बंटवारा नहीं होना चाहिए और इसके लिए वे लोग ध्यान रख रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद ने किसानों, मजदूरों, दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों के मुद्दों को उठाते हुए सरकार से कई सवाल भी किए।उन्होंने गन्ने के दाम, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर भी जवाब दिया। आजाद बोले, लोकतंत्र में सभी विकल्प खुले हैं। उन्होंने कहा, मै तो इंडिया एलायंस के लोगों को भी कह रहा हूं कि मिल के लड़ते हैं। अगर कोई नहीं लड़ेगा तब देखेंगे अभी तो अलायंस के सारे रास्ते खुले हुए हैं।हमारी कोशिश है कि चुनाव में वोटों का बंटवारा न हो। श्मिलके लड़ेंगे और वोट का बंटवारा ना हो इस बात का हम लोग

बोले,नही होना चाहिए वोटों का बंटवारा

ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वोटर किसी की जेब में नहीं और राजनीतिक दलों को जनता के बीच मेहनत करके अपनी जगह बनानी पड़ती है।चंद्रशेखर आजाद ने मीरापुर विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह क्रांतिकारी धरती है। उन्होंने पिछले उपचुनाव में वोटों के बंटवारे की बात कही और दावा किया कि अगर वोटों का बंटवारा नहीं होता तो उनकी पार्टी को ज्यादा समर्थन मिल सकता था। उन्होंने दावा किया कि उपचुनाव में उनकी पार्टी को 24 हजार वोट मिले थे। आजाद ने कहा, श्जब फ्री एंड फेयर इलेक्शन होगा तो वह 50 हजार पार करेगा और जब वोट जुड़ेगा तो मैं लिख के देता हूं कि 1 लाख से ज्यादा वोट लेकर रविंद्र भाटी विधानसभा में जा रहे हैं। आजाद ने गन्ने और चीनी के दाम की तुलना करते हुए पूछा, जब चीनी का रेट 60 रूपये हो सकता है तो गन्ने का रेट 600 रूपये क्यों नहीं हो सकता? कौन रोक रहा है? केंद्र और राज्य दोनों जगह सरकार होने के बावजूद किसानों को बेहतर दाम देने में क्या परेशानी है, इसका जवाब चाहिए। उन्होंने अच्छे स्कूल बनाने, शिक्षा मुफ्त करने, अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं देने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर भी सवाल उठाए। अच्छे स्कूल बनाने से, शिक्षा फ्री करने से कौन रोक रहा है? अच्छे अस्पताल बनाने से, अस्पतालों में अच्छी सुविधा देने से कौन रोक रहा है? रोजगार देने से सरकार को कौन रोक रहा है? चंद्रशेखर आजाद ने फॉर्म-6 के मुद्दे पर कहा कि सरकार इस पर चुप क्यों है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर के अंतर्गत



रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को महानगर के विभिन्न मंडलों और बूथों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। प्रदेश कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मध्य विधानसभा स्थित बूथ संख्या २५४ भाजपा प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कार्यालय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला, मंत्री राहुल वाल्मीकि और आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। कैंट विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या १८६ पर कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। वहीं, अलीगंज वार्ड स्थित बूथ संख्या २२८ पर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ नीरज बोरा ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। गोमतीनगर स्थित आवास पर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के बूथ संख्या २५६ पर विधायक ओपी श्रीवास्तव और विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान ने मन की बात सुनी। इसके अलावा पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के मंडल चार में विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना।

औद्योगिक पावरहाउस बनेगी 'पीतल नगरी' मुरादाबाद, यूपी डायलॉग्स में मंथन

लखनऊ,।'पीतल नगरी' मुरादाबाद को वैश्विक औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से आज दिल्ली रोड स्थित होटल मानसरोवर पैराडाइज में 'यूपी डायलॉग्स-मुरादाबाद चैप्टर' का आयोजन किया गया। 'विरासत, विकास और वैश्विक संभावनाएं' विषय पर आधारित इस संवाद में विशेषज्ञों ने जिले की 1.20 लाख से अधिक और पूरे मंडल की लगभग 3.44 लाख एमएसएमई इकाइयों के विस्तार पर मंथन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों तथा मुरादाबाद के 4,200 व मंडल के 6,300 निर्यातकों की शिल्प परंपरा को आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार से जोड़ना है। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त (उद्योग) योगेश कुमार, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के लॉ डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, हिंदू कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षाविद् मेजर (डॉ.) मीनू मेहरोत्रा और मीडिया सेल प्रमुख डॉ. माधव शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

तकनीक के साथ अपराधी भी खोज रहे नए रास्ते-जस्टिस राजीव सिंह

लखनऊ।उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार 'टेक-संगम' शनिवार को सकुशल संपन्न हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस राजीव सिंह रहे। दीप प्रज्वलन के बाद संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सेमीनार में शामिल प्रमुख प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस राजीव सिंह ने कहा कि यूपीएसआईएफएस अब सिर्फ शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि बहुआयामी चिंतन और नवाचार का मंच बन चुका है। इसका अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्रों को न सिर्फ शानदार कैंपस प्लेसमेंट मिल रहे हैं, बल्कि क्वांटम टेक्नोलॉजी और फॉरेंसिक जैसे आधुनिक क्षेत्रों में वे वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कानूनी चुनौतियों पर बोलते हुए जस्टिस सिंह ने कहा कि डीपीडीपी एक्ट लागू होने के बावजूद बाजार में मौजूद लीगल कमेंट्री में व्यावहारिक व्याख्या का अभाव है।

भाजपा सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये,उन्हें धोखा दिया-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। इस सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये। उन्हें धोखा दिया। भाजपा ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था लेकिन बढ़ती महंगाई में आय आधी भी नहीं रह गयी। खेती-किसानी घाटे का सौदा साबित हो रहा है। खाद, बीज कीटनाशक, डीजल, उर्वरक सब के दाम बढ़ गये है लेकिन किसान को उसकी फसल की लागत भी नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार में किसान को फसल की बुआई से लेकर बिकने तक हर स्तर पर परेशानी उठाने के साथ नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार किसानों को झूठी दिलासा देती है। जारी बयान में उन्होने कहा कि पहले किसानों को समय पर खाद, बीज और पानी नहीं मिल रही थी। सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलती। जब अपनी मेहनत और लागत लगाकर किसान फसल पैदा कर लेता है तो उसकी कीमत नहीं मिलती है। किसानों को धान, आलू, मक्का समेत अन्य फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। धान के किसानों को लागत मूल्य की अपेक्षा प्रतिकुन्तल एक हजार रूपये तक का नुकसान उठा कर बेचना पड़ रहा है। धान क्रय केन्द्रों को पता नहीं है। बिचौलिए किसानों से औने-पौने दाम पर धान खरीद कर मुनाफा कमा रहे है। आलू किसानों को कीमत गिरने से भारी नुकसान हो रहा है। किसानों को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। सरकार पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट करा रही है। लेकिन उसका मुनाफा गन्ना किसानों को नहीं मिल रहा है। नया पेराई सत्र आ गया है लेकिन कई चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का सैकड़ों करोड़ रूपये बकाया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान उपेक्षित और परेशान है। भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया। सरकार किसानों का हर तरह से षोशण कर रही है। पिछले दिनों बाढ़ए बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ लेकिन भाजपा सरकार ने कोई मदद नहीं की। शोषणए उपेक्षा भाजपा के धोखे से परेशान किसान 2027 में भाजपा सरकार को हटाकर किसानों की समर्थक अपनी समाजवादी पार्टी की सरकार लाएगा। समाजवादी पार्टी सरकार में गन्ना किसानों का 24 घंटे में भुगतान होगा। किसानों को भरपूर बिजली मिलेगी। फसलों का लाभकारी मूल्य दिया जाएगा।

गठबंधन से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन से भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा इतना डर गयी है कि नकली पोस्टर लगा रही है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के म्युनिसिपल उच्चाधिकारियों को निलंबित कर देना चाहिए क्योंकि कुछ लोग बिना पैसा जमा किये सरेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। या तो इसका आधार भ्रष्टाचार है या शासन का दबाव। इन अज्ञात पोस्टरों को जब चोरी-छिपे लगाया जाता है तो स्थानीय राजस्व की हानि भी होती है, क्योंकि ऐसे पोस्टर बिना शुल्क के लगाए जाते हैं क्योंकि अगर शुल्क का आधिकारिक रूप से भुगतान किया गया तो भुगतान की रसीद भी काटनी पडेगी, ऐसे में साजिशकर्ता का नाम बाहर आ जाएगा और वो पकड़ा जाएगा। राजस्व की इस हानि का खामियाजा संबद्ध अधिकारियों से भरवाना चाहिए और उनके खिलाफजाँच बैठाकर निलंबित भी कर देना चाहिए। उन्होने कहा कि ऐसी जितनी भी घटनाएं हो रहीं हैं हम उनका तारीखवार रिकार्ड रख रहे हैं और ये रिकॉर्ड भी रख रहे हैं कि इस समय कौन सा अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार था। पीडीए सरकार आ रही है अब वही इन भ्रष्ट अधिकारियों का सारा कच्चा.चिट्ठा खोलेगी। ईडी-सीबीआई से लेकर ईओडब्लू तक सबको सक्रिय करके इन सब भ्रष्ट अधिकारियों का पक्का हिसाब-किताब किया जाएगा।

आज वाल्मीकि आश्रम जाएंगे मुख्यमंत्री

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को बिठूर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां वाल्मीकि आश्रम में रामायण पाठ व पूजा में शामिल होंगे और महर्षि वाल्मीकि को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। मान्यता है कि इसी आश्रम में महाकाव्य रामायण की रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ। मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे।योगी सरकार महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की विरासत को संरक्षित करने और त्रेता युगीन परंपरा को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में रामायण सर्किट और राम वन-गमन पथ के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बड़ी कार्रवाई, दो स्टोर के लाइसेंस निलंबित

लखनऊ, । ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचने



वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए), उत्तर प्रदेश ने प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण अभियान के दूसरे दिन रविवार को भी सख्त कार्रवाई जारी रखी। 'शुद्ध ही शुभ है' अभियान के अंतर्गत ब्लिंकिट, जेप्टो, अमेजन, रिलायंस, मेट्रो तथा अन्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़े वेयरहाउस और डार्क स्टोर्स की जांच की गई। इस दौरान गंभीर स्वच्छता संबंधी अनियमितताओं के चलते दो स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित कर खाद्य कारोबार बंद कराया गया, जबकि दो अन्य स्टोर्स में आवश्यक लाइसेंस अनुमोदन के अभाव में फ्रोजन मीट एवं मीट उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया।अभियान के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण, परिसर की स्वच्छता, तापमान नियंत्रण, वैधता अवधि और उपभोक्ताओं तक सुरक्षित डिलीवरी की व्यवस्था की जांच की गई। रविवार को कुल 92 निरीक्षण किए गए। इनमें 75 प्रकरणों में सुधार सूचना (इम्प्रूवमेंट नोटिस) जारी किए जाने की संस्तुति की गई तथा जांच के लिए 20 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए।लखनऊ के चिनहट स्थित जेप्टो स्टोर के निरीक्षण में स्वच्छता संबंधी कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। परिसर में अत्यधिक गंदगी और शौचालय से दुर्गंध की समस्या पाई गई। फर्श पर कीट तथा उनसे संबंधित अपशिष्ट मौजूद थे। खाद्य सामग्री रखने वाले रैक पर जंग और फफूंद पाई गई। कटे-फटे खाद्य पदार्थों के ऊपर कीटों से संबंधित अपशिष्ट मिला और ऐसी सामग्री को अन्य खाद्य पदार्थों के साथ रखा गया था। इसके अतिरिक्त खाद्य पदार्थों का भंडारण दवाओं एवं न्यूट्रास्यूटिकल्स के साथ किया जा रहा था। इन गंभीर कमियों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्टोर का लाइसेंस निलंबित करते हुए सुधारात्मक कार्रवाई पूरी होने तक खाद्य कारोबार बंद करा दिया।लखनऊ के चिरैयाबाग स्थित जेप्टो स्टोर के लाइसेंस में मीट एवं मीट उत्पादों के विक्रय का आवश्यक अनुमोदन (एंडोर्समेंट) नहीं पाया गया। इसके बावजूद स्टोर में मीट एवं मीट उत्पादों की बिक्री की जा रही थी। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लाइसेंस में आवश्यक अनुमोदन के अभाव में संबंधित उत्पादों की बिक्री बंद करा दी। लखनऊ के हुसैनाबाद स्थित ब्लिंकिट स्टोर के निरीक्षण में भी लाइसेंस में मीट एवं मीट उत्पादों के विक्रय का आवश्यक अनुमोदन नहीं मिला। इसके बावजूद स्टोर में फ्रोजन मीट एवं मीट उत्पादों की बिक्री की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से इन उत्पादों की बिक्री रुकवाते हुए उनके विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया।